Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

हाईवे चैनल

वर्ष- 28 अंक- 337 रायपुर, गुरुवार 1 जनवरी 2026 पृष्ठ-8 मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

स्वागत 2026

रात 12 बजा और झूमा प्रदेश

आतिशबाजी और पार्टियों के साथ शुरू हुआ नववर्ष

रायपुर, 1 जनवरी (हाईवे चैनल)। 31 दिसंबर की रात के खत्म होते ही नया साल 2026 छत्तीसगढ़ में बड़े उत्साह और धूमधाम के साथ शुरू हो गया। लोग पुराने साल को विदाई देते हुए नए साल का स्वागत नाच-गाकर, आतिशबाजी और पार्टियों के जरिए कर रहे थे। साथ ही परिवार, दोस्त और रिश्तेदार एक-दूसरे को नए साल की शुभकामनाएं भेजने में व्यस्त थे। राजधानी रायपुर के अलग-अलग होटलों, क्लबों और पबों में न्यू ईयर पार्टी का आयोजन हुआ। वीआईपी रोड स्थित क्लबों और पबों में सबसे अधिक रौनक देखने को मिली। युवा डीजे की धुन पर जमकर डांस करते रहे। प्रशासन द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुसार आयोजकों ने विशेष तैयारियां की थीं, ताकि सेलिब्रेशन शांतिपूर्ण और व्यवस्थित हो। प्रदेश के अन्य शहरों जैसे बिलासपुर और दुर्ग में भी थर्टी फर्स्ट की रात को होटलों और रेस्तरां में धूमधाम देखने को मिली। लोग आतिशबाजी के साथ नए साल का स्वागत कर रहे थे और युवा उत्साहपूर्वक संगीत और नृत्य में शामिल हुए।

जश्न के दौरान रायपुर पुलिस ने 26 प्रमुख स्थानों पर करीब 500 पुलिसकर्मियों की तैनाती की। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि सेलिब्रेशन के दौरान किसी तरह का विवाद न हो और अवैध गतिविधियां नियंत्रित रहें। पुलिस अधिकारियों ने विशेष रूप से भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों और पार्टी आयोजनों की निगरानी की। वहीं, जश्न के बीच गुढियारी थाना क्षेत्र में एक सड़क हादसा हुआ, जिसमें एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। प्रशासन ने दुर्घटना के प्रति सतर्क रहने और सड़क सुरक्षा का पालन करने के लिए नागरिकों से अपील की। नए साल 2026 की शुरुआत लोगों के लिए नई उम्मीदों, खुशियों और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक बनकर आई है। इस अवसर पर लोग पुराने साल की उपलब्धियों और अनुभवों को याद कर नए संकल्प ले रहे हैं। पार्टियों, आतिशबाजी और उत्सव के बीच समाज में आपसी सहयोग, मिलनसारिता और खुशियों का संदेश भी फैलाया गया। छत्तीसगढ़ में नववर्ष का यह भव्य स्वागत दर्शाता है कि लोग आनंद, उत्साह और सांस्कृतिक परंपराओं के साथ नए साल का जश्न मनाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

मुख्यमंत्री साय ले रहे विभागाध्यक्षों की बैठक

रायपुर, 1 जनवरी (हाईवे चैनल)। आज मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मंत्रालय में अहम बैठक ले रहेहैं। पिछले साल की तरह इस साल भी मुख्यमंत्री मंत्रालय के पांचवें फ्लोर पर बने नवनिर्मित ऑडिटोरियम में सुबह 11.30 बजे से सभी अफसरों के साथ बैठक कर रहे हैं। इसमें सभी सचिवों के अलावा विभागाध्यक्ष, निदेशक और एमडी भी शामिल है। कल सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से जारी संक्षिप्त सूचना में बताया गया था कि इस विचार-विमर्श में शासन की प्राथमिकताओं, भावी कार्ययोजनाओं और सुशासन से संबंधित विषयों पर चर्चा होगी।

विभाग ने स्पष्ट किया कि यह संवाद कार्यक्रम शासन की नीतियों और योजनाओं को और अधिक प्रभावी व परिणामोन्मुखी बनाने की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। सूचना में अफसरों से अनुरोध किया गया है कि वे निर्धारित समय पर बैठक में उपस्थित हों। यह बैठक न केवल शासन के महत्वाकांक्षी लक्ष्यों को तय करने में अहम भूमिका निभाएगी, बल्कि आगामी साल में विभागीय कार्यों की गति और गुणवत्ता बढ़ाने में भी सहायक होगी।

ब्रेकिंग न्यूज

ऑनलाइन निवेश धोखाधड़ी मामले में चार नेपाली सहित पांच गिरफ्तार

नई दिल्ली, 1 जनवरी (न्यूज चैनल)। गुरुग्राम पुलिस ने व्हाट्सऐप और फर्जी एप्लिकेशन का इस्तेमाल करके ऑनलाइन निवेश के नाम पर ठगी करने के आरोप में चार नेपाली नागरिकों सहित पांच साइबर ठगों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि आरोपियों की पहचान नेपाली नागरिक शेर बहादुर कार्की, मिलन थापा, धनंजय राय और मनीष के रूप में हुई है जबकि पांचवा आरोपी वीरेंद्र पाल सिंह पंजाब का रहने वाला है। उसने बताया कि कथित अपराध में इस्तेमाल किए गए सात मोबाइल फोन, 20 एटीएम कार्ड, 18 चेक बुक और चार बैंक पासबुक भी जब्त किये गए हैं।

पुलिस के मुताबिक एक नवंबर 2025 को एक स्थानीय व्यक्ति ने शिकायत दर्ज कराई कि उसे व्हाट्सऐप ग्रुप और फर्जी ऐप के माध्यम से ठगा गया। शिकायतकर्ता के मुताबिक उसे शेयर कारोबार और आईपीओ व्यापार में निवेश करके मुनाफा कमाने का प्रलोभन दिया गया था। अधिकारियों ने बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान, साइबर पुलिस की टीम ने मंगलवार रात राजेंद्र पार्क इलाके से पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि पूछताछ के दौरान, आरोपियों ने खुलासा किया कि धोखाधड़ी से प्राप्त राशि में से दो लाख रुपये तारा लॉजिस्टिक्स प्राइवेट लिमिटेड नामक एक फर्म के बैंक खाते में स्थानांतरित किए थे। एसीपी साइबर प्रियांशु दीवान ने बताया कि यह बैंक खाता मिलन थापा और शेर बहादुर कार्की द्वारा धोखाधड़ी से फर्म के नाम पर खोला गया था।

चूहा- सुनती हो, नए साल में बड़े बदलाव का उत्साह दिखाई दे रहा था।
चुहिया- हां जी, लेकिनकुछ नहीं बदलेगा केवल दीवार पर टंगा कलेंडर ही बदलेगा।

जम्मू एंड कश्मी में फिर नापाक हरकत, पाकिस्तानी ड्रोन ने गिराया

नई दिल्ली, 1 जनवरी (न्यूज चैनल)। जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास एक पाकिस्तानी ड्रोन भारतीय क्षेत्र में घुस आया और उसने संदिग्ध विस्फोटक सामग्री, गोला-बारूद और नशीले पदार्थ गिराए, जिसके बाद सुरक्षा बलों ने बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान चलाया। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, ड्रोन पुंछ के खादी करमाडा इलाके में भारतीय हवाई क्षेत्र में घुसा और एलओसी पार लौटने से पहले पांच मिनट से अधिक समय तक भारतीय क्षेत्र में रहा।

घुसपैठ के दौरान, ड्रोन ने एक खेप गिराई जिसमें एक तात्कालिक विस्फोटक उपकरण (आईईडी), गोला-बारूद और ड्रग्स शामिल थे, जिससे संवेदनशील सीमावर्ती जिले में सुरक्षा संबंधी गंभीर चिंताएं पैदा हो गईं। ड्रोन की गतिविधि का पता चलते ही, भारतीय सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने खादी करमाडा और आसपास के इलाकों में व्यापक घेराबंदी और तलाशी अभियान चलाया ताकि गिराई गई सामग्री का पता लगाया जा सके और उसे सुरक्षित किया जा सके तथा जमीन पर किसी भी संभावित आतंकवादी गतिविधि की संभावना को खारिज किया जा सके। पाकिस्तानी ड्रोन द्वारा गिराई गई सामग्री का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें इलाके से बरामद सामग्री दिखाई गई है। सुरक्षा एजेंसियां ??अपनी जांच के तहत सामग्री की बारीकी से जांच कर रही हैं और ड्रोन गतिविधि से उत्पन्न खतरे की प्रकृति का आकलन कर रही हैं। यह घटना नव वर्ष समारोह के मद्देनजर जम्मू क्षेत्र में बढ़ाए गए सुरक्षा उपायों के बीच घटी है। इन गहन आतंकवाद-विरोधी अभियानों के तहत, सुरक्षा बलों ने कई जिलों, विशेष रूप से सीमावर्ती क्षेत्रों और वन क्षेत्रों में निगरानी और जमीनी जांच तेज कर दी है। सुरक्षा बलों ने मंगलवार को पुंछ और किश्तवार जिलों के सीमावर्ती क्षेत्रों और पहाड़ी भीतरी इलाकों में घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया।

सड़क के अभाव में कंधों पर शव ले जाते दिखे परिजन

अंबिकापुर, 1 जनवरी (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले के एक दूरस्थ और पहुंचविहीन इलाके से एक बार फिर दिल दहला देने वाली तस्वीरें सामने आई हैं, जो विकास और बुनियादी सुविधाओं की हकीकत बयां करती हैं। यहां एक आदिवासी परिवार को युवक के शव को खाट पर रखकर कांवड़ की तरह कंधों पर उठाकर कई किलोमीटर पैदल ले जाना पड़ा। गांव तक पक्की सड़क नहीं होने के कारण शव वाहन वहां नहीं पहुंच सका। मजबूरी में परिजनों ने खुद ही शव को उठाया और मुख्य सड़क तक पहुंचे, ताकि पोस्टमार्टम कराया जा सके।

छत्तीसगढ़ से दिल दहला देने वाली तस्वीरें

मृतक की पहचान आदिवासी युवक सुरेंद्र तिर्की के रूप में हुई है। उसकी मौत तालाब में डूबने से हुई थी। 31 दिसंबर को ग्राम लकरालता के तालाब से उसका शव बरामद किया गया। पूरा मामला सीतापुर थाना क्षेत्र के भारतपुरङ्कलकरालता गांव का है। यह घटना एक बार फिर सवाल खड़े करती है कि आजादी के इतने साल बाद भी दूर-दराज के गांवों में सड़क जैसी बुनियादी सुविधा क्यों नहीं पहुंच पाई है। वहीं इस मामले पर स्थानीय विधायक ने कहा कि संबंधित सड़क का भूमि पूजन हो चुका है। बरसात के कारण सड़क निर्माण का काम शुरू नहीं हो पाया था। ग्रामीणों को बताया गया है कि जनवरी महीने में, 8 से 9 महीने के भीतर सड़क निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। विधायक ने घटना को दुखद बताया और कहा कि विष्णु देव सरकार के कार्यकाल में सीतापुर क्षेत्र की सभी सड़कों का निर्माण किया जा रहा है और जल्द ही ऐसी समस्याओं से मुक्ति मिलेगी।

ट्रक की टक्कर से अधेड़ की मौत

आक्रोशित मोहल्ले वालों ने किया थाने का घेराव

रायपुर, 1 जनवरी (हाईवे चैनल)। राजधानी रायपुर के रिंग रोड स्थित गोंदवारा के पास ट्रक की टक्कर से एक अधेड़ व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही मृतक के मोहल्ले गोगांव से बड़ी संख्या में लोग घटना स्थल पहुंचे। इसके बाद आक्रोशित परिजन और मोहल्लेवासियों ने थाने का घेराव कर आरोपी चालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई और मुआवजे की मांग की। पूरा मामला गुढ़ियारी थाना क्षेत्र का है।

पुलिस ने मृतक के परिजनों को हादसे की सूचना देकर थाने बुलाया था। मृतक स्थानीय निवासी होने के कारण बड़ी संख्या में परिचित और मोहल्लेवासी भी थाने पहुंचे। मृतक के साले रोहित बागड़े ने बताया कि उनके जीजा बुधवार देर शाम करीब 7 बजे काम से घर लौट रहे थे, तभी पीछे से आ रहे ट्रक ने उन्हें टक्कर मारी और चालक मौके से फरार हो गया। उन्होंने मांग की है कि आरोपी चालक को जल्द गिरफ्तार कर उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाए और पीड़ित परिवार को मुआवजा दिया जाए। इस मामले में थाना प्रभारी भेखलाल चंद्राकर ने बताया कि मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घटना को लेकर एफआईआर दर्ज की जा रही है। हादसे की जांच जारी है। पुलिस ने संबंधित ट्रक को कब्जे में ले लिया है और चालक की तलाश की जा रही है। घटना के बाद क्षेत्र में कुछ देर के लिए तनाव का माहौल रहा, जिसे पुलिस ने समझाइश देकर शांत कराया।

नए साल पर माता वैष्णो देवी धाम में भारी भीड़ के कारण यात्रा रजिस्ट्रेशन पर लगी रोक

नई दिल्ली, 1 जनवरी (न्यूज चैनल)। नववर्ष 2026 के स्वागत के लिए माता वैष्णो देवी के दरबार में श्रद्धा और उत्साह का सैलाब उमड़ पड़ा है। देश के कोने-कोने से लाखों श्रद्धालु मां का आशीर्वाद लेने के लिए कटरा पहुंच रहे हैं, जिससे पूरी त्रिकुटा पहाड़ी जय माता दी के जयकारों से गूंज उठी है। भक्तों की इस अप्रत्याशित और रिकॉर्ड तोड़ भीड़ को देखते हुए, श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड ने सुरक्षा और व्यवस्था बनाए रखने के लिए एक बड़ा कदम उठाया है। प्रशासन ने वर्तमान में नए पंजीकरण और आरएफआईडी कार्ड जारी करने पर अस्थायी रूप से रोक लगा दी है। यह निर्णय इसलिए लिया गया है ताकि भवन और यात्रा मार्ग पर भीड़ का दबाव कम किया जा सके और पहले से मौजूद श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

श्राइन बोर्ड के अनुसार, श्रद्धालुओं की संख्या क्षमता से अधिक होने के कारण व्यवस्था बनाए रखना चुनौतीपूर्ण हो गया था। किसी भी प्रकार की भगदड़ या दुर्घटना को रोकने के लिए नए पंजीकरण को अस्थायी रूप से 1 जनवरी की सुबह तक के लिए बंद कर दिया गया। प्रशासन का मुख्य उद्देश्य उन भक्तों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है जो पहले से ही चढ़ाई शुरू कर चुके हैं या भवन पर मौजूद हैं। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए ऋऋङ्घ कार्ड जारी करने पर भी रोक लगाई गई।इस बार बोर्ड ने भीड़ कम करने के लिए कुछ नए नियम भी लागू किए हैं। ऋऋङ्घ कार्ड मिलने के 10 घंटे के भीतर यात्रा शुरू करना अनिवार्य है।

नए साल के जश्न पर स्विट्ज़रलैंड के रिसॉर्ट में ब्लास्ट; कई लोगों की मौत, मची भारी तबाही

नई दिल्ली, 1 जनवरी (न्यूज चैनल)। नए साल के जश्न दौरान स्विट्ज़रलैंड के लक्ज़री स्की रिसॉर्ट में एक बार के अंदर अचानक भयंकर धमाका हुआ, जिसमें कई लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हुए। स्थानीय पुलिस ने पुष्टि की है कि विस्फोट का कारण अभी अज्ञात है और घटना स्थल पर आपात-सेवाएं सक्रिय हैं। स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि विस्फोट से बार के आसपास भारी तबाही हुई है और आंकड़े जुटाए जा रहे हैं। पुलिस और आपदा प्रबंधन दल मौके पर पहुंचकर मृतक/घायल लोगों को अस्पताल ले जाने का कार्य जारी रखे हुए हैं। विस्फोट के स्रोत और वजह का पता लगाया जा रहा है, लेकिन अभी तक किसी आतंकवादी घटना या जानबूझकर हमले का कोई आधिकारिक दावा नहीं हुआ है।

केबीसी-17 : बीजापुर में तैनात सीआरपीएफ निरीक्षक बिप्लव ने जीते एक करोड़

नई दिल्ली, 1 जनवरी (न्यूज चैनल)। अमिताभ बच्चन का शो 'कौन बनेगा करोड़पति 17' अब अपने अंतिम पड़ाव पर है। शो को दूसरा करोड़पति मिल गया है। रांची के बिप्लव बिस्वास ने 1 करोड़ रुपये के सवाल का सही जवाब दिया है। बिप्लव ने चंद सेकंड में सवाल का जवाब दिया, जिससे सिर्फ अमिताभ बच्चन ही नहीं बल्कि शो देखने वाले दर्शक भी हैरान रह गए। बता दें कि बिप्लव सीआरपीएफ में इंस्पेक्टर हैं और छत्तीसगढ़ के बीजापुर में पोस्टेड हैं। पहले फास्टेस्ट फिंगर राउंड जीतकर बिप्लव बिस्वास हॉटसीट पर बैठे। उन्होंने कहा कि वो शो शुरू करने से पहले अमिताभ बच्चन से गले मिलना चाहते हैं। बिग बी ने उन्हें गले लगाया। इस दौरान बिप्लव ने बताया कि कैसे वे जंगल में काम करते हुए सर्वाइव करते हैं। शो के दौरान उन्होंने अपने सहयोगियों के बलिदानों का भी जिक्र किया।

चंद सेकंड में सवाल का दिया जवाब, अमिताभ बच्चन और दर्शक रह गए हैरान

गेम शुरू हुआ तो 5 लाख तक के सवालों का जवाब बिप्लव ने बिना हेल्पलाइन के दिया। 12.50 लाख के सवाल के लिए उन्होंने ऑडियंस पोल लिया और 25 लाख के सवाल पर लाइफलाइन संकेतसूचक का इस्तेमाल किया। 50 लाख के सवाल पर बिप्लव ने फिर से लाइफलाइन का इस्तेमाल किया, इस बार उन्होंने 50-50 चुना। इसके बाद बारी आई 1 करोड़ के सवाल की। बिप्लव ने 1 करोड़ का सवाल सुनते ही कहा कि मैं किसी का समय नहीं बर्बाद करूंगा। यहां और ऑप्शन डी चुना उनका जवाब सही था और कुछ सेकेंड्स में उन्होंने 1 करोड़ जीत लिया। सेकेंडों में जवाब देने से न सिर्फ अमिताभ बच्चन बल्कि वहां मौजूद ऑडियंस भी दंग रह गए। इसके साथ ही उन्हें एक कार भी मिली है। बिप्लव की ज्ञान और समझदारी से प्रभावित होकर अमिताभ बच्चन ने उन्हें अपने परिवार सहित घर पर डिनर के लिए आमंत्रित किया। सबसे रोमांचक पल तब आया जब 1 करोड़ रुपये का सवाल सामने आया। सवाल था

स्टैच्यू ऑफ लिबर्टी को फ्रांस से अमेरिका ले जाने वाले जहाज का नाम क्या था? बिप्लव ने बिना एक पल गंवाए कहा, मैं किसी का समय बर्बाद नहीं करना चाहता, मैं ऑप्शन ष्ठ के साथ जाता हूं। उनका जवाब 'इसेयर' सही निकला। सेकंडों में इतनी तेजी से जवाब देने पर अमिताभ बच्चन हैरान रह गए। बिप्लब ने बताया कि उन्हें जहाज के स्टीयरमैन का नाम भी याद है।